Regarding destruction caused by wild elephants in East Singhbhum district-laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(**जमशेदपुर**) :** मेरा विषय झारखंड राज्य के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिला स्थित चाकुलिया में इन दिनों जंगली हाथियों के उत्पात से सम्बंधित है जिनका आतंक इस क्षेत्र में बढ़ता ही जा रहा है । सामान्य तौर पर दलमा के आस-पास जंगलों के होने के कारण इस क्षेत्र में हमेशा से ही हाथियों का आवागमन चाकुलिया से होता रहा है परंतु हाल के दिनों में सड़क मार्ग, रेल मार्ग, नहर निर्माण आदि कंस्ट्रक्शन कार्यों के कारण हाथियों का गलियारा (कॉरिडॉर) बाधित हुआ है ।

अत : मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि ओडिशा, झारखण्ड एवं पश्चिम बंगाल के पर्यावरण विभाग के सम्बंधित अधिकारीयों की बैठक कराने की कृपा करें और इस क्षेत्र में एलीफेंट कोरिडोर को पहले जैसा ही रहने दिया जाए और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाके में बनाए गए ट्रेंच का भराव कराएं जिससे हाथियों के मार्ग में कोई बाधा न आए ।